Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-04-2022 | अंक 197

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# ना व्यापार से, ना तलवार से बल्कि सनातन धर्म फैला है अपने संस्कार से : आचार्य धर्मराज शास्त्री


## स्वार्थ मानव कल्याण का दुश्मन : आचार्य धर्मराज शास्त्री

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग। दुनिया में सबसे बेहतर धर्म की बात की जाए तो वह सनातन धर्म है। यह वाहिद ऐसा धर्म है जो ना तो व्यापार से और ना ही तलवार से बल्कि सनातन धर्म अपने संस्कार की वजह से पूरे विश्व में फैला है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश निवासी और देश के प्रसिद्ध आचार्य धर्मराज शास्त्री ने चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में विशेष बातचीत के दौरान कही। दरअसल हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत लंगातू गांव में बीते 12 अप्रैल से आगामी 16 अप्रैल तक चलने वाले हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में मुख्य प्रवचन कर्ता के रूप में प्रसिद्ध वेदाचार्य धर्मराज शास्त्री महाराज आमंत्रित हैं। प्रसिद्ध वेदाचार्य को सुनने दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। विशेष बातचीत में महाराज ने युवाओं को लेकर चिंता जाहिर की और कहा कि आज के युवाओं में नशा करने का प्रचलन तेजी से बढ़ा है, जिसपर समाज के सभी वर्गो को ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज कल लोग शांति को लेकर काफी परेशान रहते हैं जबकि इसकी शुरुआत ही परिवार से होती है। वेदाचार्य महाराज ने शांति और सुख को भाई बहन बताते हुए कहा कि यह दोनों किसी व्यक्ति को तभी प्राप्त



हो सकती है जब आप एक-दूसरे से प्रेम करना सीखें और उसमें स्वार्थ का प्रवेश ना होने दें। उन्होंने कहा कि समाज में उसी का सम्मान है जो सरल है। लोग उसी पेड़ की पूजा करते हैं जो फल से लदे होने पर झुक जाता है। उन्होंने कहा कि मैं चाणक्य आईएएस एकेडमी में आकर यह महसूस किया कि अगर शिक्षा या प्रेरणा लेनी हो तो वाकई यह संस्थान उसके लिए अनुकूल है और चाणक्य परिवार से प्रेरणा समाज ले सकता है कि सरलता और विनम्रता धारण कर सफल मार्ग चलते हुए कैसे नई उंच. ाई को छुआ जा सकता है। अंत में उन्होंने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी के चेयरमैन और सक्सेस गुरु एके मिश्रा, इसी संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा और जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा से बेहतर ताल्लुकात की वजह से पहली बार हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड के लंगातू की धरती पर आने का मौका मिला और यहां आकर मुझे काफी प्रसन्नता हुई। यहां के लोग दिल के नेक और धर्म के प्रति उदार हैं।






दिनांकः 15-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## एबीसीडी प्ले स्कूल में मनाई गई अम्बेडकर जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




**अम्बेडकर जयंती मनाते बच्चे**

एबीसीडी प्ले स्कूल रालो बरही में डॉ भीमराव अम्बेडकर के जयंती धूमधाम से विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों के द्वारा मनाया गया। विद्यालय के निदेशक अरुण कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा ही कुंजी हैं जिसके सहारे संविधान को संरक्षित कर सकता है।उसके बाद प्रिंसिपल आलोक कुमार बरनवाल ने बच्चों को बड़ी लगन से पढाई करने और आने वाले समय में अम्बेडकर की तरह महान और राष्ट्रभक्त बनने के लिए प्रेरित करें। द्य इस कार्यक्रम में शिक्षिका अनु कुमारी, ललिता कुमारी, रीता देवी, शबाना,ललिता देवी एवं अन्य बच्चों उपस्थित थे।

## सिंघरावा पंचायत से शहजाद खान मुखिया पद के लिए 21 अप्रैल को भरेंगे प्रपत्र

**अपेम लाइव : चौपारण**



**शहजाद खान**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत सिंघरावा पंचायत से मुखिया पद के लिए समा. जसेवी शहजाद खान प्रपत्र भरेंगे। साथ ही उन्होंने कहा की विगत कई वर्षो से पंचायत की जनता के बीच रहकर जनता के हर एक छोटे बड़े कामों में सहयोग दिया है। लोगो के बीच उनके दुःख सुख में शारीरिक सहायता के साथ आर्थिक रूप से भी सेवा दी है। वहीं समाजसेवी शहजाद खान ने अपने पंचायत के लोगो को भरोसा दिलाते हुए वादा किया की विगत कई वर्षो से जो हमारे पंचायत में विकास की कमी रह गई है उस कमी को निष्ठा पूर्वक पूरा करना मेरी प्रा. थमिकता होगी।

## समाजसेवी पप्पू चंद्रवंशी ने बरही पश्चिमी पंचायत से मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी, 21 अप्रैल को भरेंगे प्रपत्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत से समा. जसेवी पप्पू चंद्रवंशी ने मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश की है। इस आगामी पंचायत चुनाव को लेकर बरही पश्चिमी पंचायत से मुखिया पद के लिए 21 अप्रैल को प्रपत्र भरेंगे। जिसको लेकर उन्होंने बरही पश्चिमी पंचायत के लोगो से समर्थन मांगा है। साथ ही उन्होंने कहा की बरही पश्चिमी पंचायत का विकास एक शिक्षित उम्मीदवार ही विकास कर सकता है। वहीं उन्होंने कहा की अभी तक वैसे काम जो नही हो पाया है वैसे कामों को करना हमारी प्राथमिकता होगी। जैसे बरही नदी की सफाई, हर एक वार्ड की नाली की सफाई, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चो को सही समय पर पोषाहार उपलब्ध करवाना एवं बरही पश्चिमी पंचायत में महिला डॉक्टरों सप्ताह में एक दिन पंचायत भ्रमण करेगी जिससे हमारे पंचायत के महिलाओं को किसी भी प्रकार की जांच करवाने के लिए कहीं दूसरे जगह जाना नहीं होगा साथ ही साथ जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर उन्होंने जनता से समर्थन मांगा है।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के केवाल निवासी सुधीर सिंह उम्र 22 वर्ष पिता केवल सिंह, जय राम कुमार उम्र 20 वर्ष पिता देवी सिंह, सोनू कुमार उम्र 15 वर्ष पिता सुरेश सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी युवक बाइक में सवार होकर दोरवा से बरही जा रहे थे। इसी क्रम में करियातपर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए, सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हे छुट्टी दे दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार हुआ घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पदमा प्रखंड अंतर्गत पदमा ओपी के समीप गुड्डू कुमार उम्र 26 वर्ष पिता राम प्यारी प्रसाद दाऊद नगर औरंगाबाद निवासी घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड्डू कुमार अपने बाइक से रामगढ़ से औ. रंगाबाद जा रहा था। इसी क्रम में पदमा आपी के समीप साइकिल सवार युवक को बचाने के दौरान वह खुद घायल। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।




## पोकलेन मालिक बीरेंद्र यादव की आकस्मिक निधन, शव यात्रा में विधायक हुवे शामिल

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवाटांड़ निवासी बीरेंद्र यादव की आकस्मिक निधन हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोकलेन मालिक 40वर्षीय बीरेंद्र यादव अपने मशीन की देखरेख के लिए आसाम ( गुवाहाटी) पहुंचे थे। जंहा बीरेंद्र यादव की आकस्मिक निधन हो गया। घटना की सूचना मिलने पर विधायक अमित कु0 यादव मृतक के घर पहुंचे। मृतक के परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही शव यात्रा विधायक अमित कुमार यादव, मुखिया प्रति. निधि दशरथ यादव समेत सैकड़ो लोग शामिल हुवे। आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई हैं। मृतक अपने दो पुत्र, एक पुत्री समेत पत्नी एवं अपने पुरे परिवार को छोड़कर चले गए। जिसके बाद विधायक ने चलकुशा प्रखंड के कई गांव का भ्रमण किया और लोगों की जन समस्याएं सुनी।

APEM LIVE




## जीप प्रत्याशी कुंती देवी करेंगी 22 को नामांकन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी जिला परिषद की भावी उम्मीदवार कुंती देवी लगातार जन सम्पर्क कर रही है। कुंती देवी ने जन सम्पर्क करते हुए बताया कि वे शिक्षिका हैं। शिक्षा के क्षेत्र उन्होंने यथा संभव प्रयास किया है। यदि उन्हें समर्थन मिलता है तो बरही पश्चिमी के विकास के लिए कोर कसर नही छोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 22 अप्रैल को जिला परिषद के लिए नामांकन करेंगी। नामांकन के अवसर पर सभी को आमंत्रित करने की बात कही।


कुंती देवी




# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय को श्रीदास स्कूल प्रबंधन ने उपलब्ध कराए 133 पाठ्य पुस्तकें

## पुस्तकालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग करेगा श्रीदास स्कूल : रोहित सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के लिए देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल की ओर से पाठ्यक्रम पर आधारित 133 पुस्तकें उपलब्ध कराई गई । शुक्रवार को पुस्तकालय पहुंचकर स्कूल के निदेशक सह प्राचार्य रोहित सिंह ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सचिव कृष्णा प्रजापति को सभी पुस्तकें भेंट की। पुस्तक भेंट करते हुए कहा की श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल पुस्तकालय के विकास के लिए हमेशा से संकल्पित है । इसलिए विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुस्तके उपलब्ध कराई गई है, ताकि गरीब एवं मेधावी बच्चे पुस्तकालय आकर पुस्तक का अध्ययन कर सकें। श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकों के संदर्भ में सचिव कृष्णा प्रजापति ने बताया की सीबीएससी एफिलिएटेड स्कूल श्री दास इंटरनेशनल स्कूल ने शिक्षा के प्रति अपनी फर्ज निभाते हुए पुस्तकालय को वैसी पुस्तके उपलब्ध कराई है, जो बच्चों के लिए काफी लाभदायक है । पुस्तकों में कक्षा प्रथम से लेकर दशम वर्ग तक के बच्चों के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली पुस्तकें हैं । इससे पाठ्क्रम पर आधारित पुस्तक से बच्चों को काफी लाभ मिलेगा । मौके पर स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सक्रिय सदस्य प्रोफेसर हीरामन साहू, कार्यालय प्रभारी राज आर्यन छोटी एवं सह प्रभारी प्रख्यात कुमार उर्फ सेतू मुख्य रूप से मौजूद थे।



पुस्तकालय को पुस्तक उपलब्ध कराते रोहित सिंह

## चुनाव की घोषणा के बाद पंचायत चुनाव की सरगर्मी तेज, जनसंपर्क में जुटे प्रत्याशी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद ही राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जिला परिषद, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य घोषणा कर भावी प्रत्याशी के रूप में जनसंपर्क करना शुरू कर दिए हैं। लोक लुभावन घोषणा के साथ वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हालांकि कुछ ऐसे भी प्रत्याशी हैं, जिनकी विजन एवं सामाजिक सोच से लोग प्रभावित हो रहे हैं। जिला परिषद बरही पश्चिमी के भावी उम्मीदवार कुंती देवी, संजू देवी, बरही पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार कपिल प्रसाद केशरी, कोनरा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून, रसोइया धमना के मुखिया प्रत्याशी प्रो हिरामन साव, गोविंद साव, मो तस्लीम, बरही पश्चिमी मुखिया प्रत्याशी शमशेर आलम, रमेश ठाकुर, जीप प्रत्याशी बरही पूर्वी मुनेजा खातून, किशुन यादव, धनवार से मुखिया प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद आदि के द्वारा तूफानी दौरा कर जनसंपर्क किया जा रहा है। मतदाता अभी चुप्पी साधे हुए हैं। कुंती देवी ने कोयली, रसोइया धमना, बेन्दगी में जनसंपर्क अभियान चलाकर समर्थन की अपील की।। वही कपिल केशरी ने बरहिडीह में जनसंपर्क चलाकर समर्थन की अपील की है।


जनसंपर्क करते पसस उम्मीदवार कपिल केशरी



## संजीवनी अकादमी में वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित

**अपेम लाइव : चन्दवारा**
**धीरज कुमार**



प्रखंड के बाँझेडीह फोरलेन रोड स्थित संजीवनी अकादमी में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य संजीव कुमार ने परीक्षाफल की घोषणा किया। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय ट०पर में प्रथम, द्वितीय व तृतीय खुशी कुमारी, लकी कुमारी, पियूष व आयुषी का नाम की घोषणा किया व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वहीं कक्षावार परीक्षाफल की घोषणा किया गया। जिसमें वर्ग नर्सरी से आरध्या, सुमिता व मानस, वर्ग एलकेजी से छाया, रवि व लेओमली, वर्ग यूकेजी से सपना, नव्या, पल्लवी व परी, वर्ग प्रथम से अंकित, जीत, कुसाग्रमनी, वर्ग द्वितीय से प्रिंस, शुभम व शिवानी एवं रोशनी, वर्ग तृतीय से आयुषी, सृष्टि प्रभा, अनन्या, वर्ग चतुर्थ से परी व विद्या, वर्ग पंचम से लकी, सैल्य कश्यप एवं अनन्या वर्ग षष्ट से खुशी, पियूष एवं शुभम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को विद्यालय शिक्षक व उपस्थित अभिभावकों के द्वारा प्रगति पत्र का वितरण किया गया। विद्यालय निदेशक संजीव कुमार ने कहा की सफलता के लिए कड़ी मेहनत व लगन की जरूरत है। सफलता का कोई श०र्टकर्ट नहीं होता है। इसलिए जिन्होंने मेहनत किया व अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये। वहीं जिन्हे कम अंक मिला उन्हें और लगन और मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मौके पे उप प्राचार्य विजय पाण्डेय, शिक्षक संजीव वर्मा, मुकेश राणा, शिक्षिका करिश्मा कुमारी, निशा वर्णवाल, पिंकी सोनी अभिभावक विकास वर्णवाल, बिश्वास सिंह, मनीष वर्णवाल, द्वारिका यादव, संतोष मोदी, बबलू यादव, अनिल वर्णवाल समेत कई अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बेलकपी पंचायत से मुखिया पद से पुन : दावेदारी करेगी गुड्डी देवी

## सूर्यकुंड व पतालसुर धाम को विकसित करने की है मंशा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा जैसे जैसे पंचायत चुनाव की तारीखें चर्चा हो रही है वैसे वैसे पंचायत चुनाव में प्रत्यशियों के दावेदारों की चर्चा आने लगी है इसी कड़ी में बेलकपी पंचायत से निवर्तमान मुखिया गुड्डी देवी पुनः अपनी मुखिया पद की दावेदारी पेश कर रही है उन्होंने 22 अप्रैल को मुखिया पद के लिए नामांकन करने का निर्णय लिया है उन्होंने गांव के मतदाताओं को नामांकन में शामिल होने की अपील की है ज्ञात हो गुड्डी देवी वर्तमान में बेल. कपी पंचायत की मुखिया है उनका सपना है कि बेलकपी पंचायत के विकास में हम पूरा योगदान दे व ग्रामीणों के सपनों को साकार करने व पंचायत के विकास को लेकर ही पिछले पांच वर्षो से प्रखण्ड, अंचल व थाना से सम्बंधित मामलों को लेकर जनता से सीधा जुड़ाव रहा है ग्रामीणों के कार्यो को लेकर 24 घण्टे तैयार रहती हूँ मेरा उद्देश्य है पंचायत में सर्वांगीण विकास हो इस कड़ी में हमारे द्वारा बेलकपी पंचायत के 44 गली नली मोहल्ले में पीसीसी व पेबर ब्लाक रास्तो का निर्माण किया गया, गांव में 3 प्रमुख नाली का नवनिर्माण, 4 श्मशान शेड, 2 यात्री शेड, 768 जरूरतमंद लोगो को विधवा, विर्द्धा पेंशन, विकलांग पेंशन से जुड़वाया, 8 जलमीनार का निर्माण, 460 एलईडी लाइट सभी गली मुहहलो में लगवाया, 150 सोलर लाइट की अधिष्टपना,सभी सरकारी स्कुल व आंग. नबाड़ी केंद्रों में पेयजल व हैंडवाश की सुविधा व 10 चबूतरों का निर्माण करवाया गया अगर जनता जनार्दन पुनः मौका देगी तो कुछ महत्वपूर्ण कार्य जो बच गए है उन्हें पूरा करना है साथ ही मुझे अपने द्वारा किये कार्यो का फल अवश्य मिलेगा मुझे जनता का आशीर्वाद अवश्य मिलेगा वही मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा ने कहा कि हम जाति व सम्प्रदाय से परे हटकर समाज का सम्पूर्ण विकास करने का प्रयास किया है हम जनता की सेवा में 24 घण्टे बेलकपी में ही उपल. ब्ध है । मुझे खोजने के लिए फोन करने की भी जरूरत नही है हम 365 दिन आपके सेवा में ततपर है ।

## रसोईया धमना पंचायत से मुखिया पद के लिए सुनीता देवी ने पेश की दावेदारी, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत से मुखिया पद के लिए रसोइया धमना पंचायत के सक्रिय महिला समाजसेवी ने मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश कर दी है। साथ ही साथ उन्होंने पंचायतवासियो से अपील किया की एक बार मुझे सहयोग करे ताकि मैं अपने पंचायत का समग्र विकास कर सकूं।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## संत रविदास कल्याण समिति शिवपुर के द्वारा मनाया गया बाबा साहब का जन्मदिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड में स्थित शिवपुर गडलाही में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया मनोज कुमार के द्वारा किया गया वहीं मंच संचालन शिक्षक वीरेंद्र रविदास के ने किया। कार्यक्रम के शुरुआत में बाबा साहब के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विधि विधान से पूजा पाठ कर सम्मानित व्यक्तियों को मंच के द्वारा सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाले व्यक्तियों में तुलसी यादव, सिकंदर कुमार ,अजय प्रजापति, पिंटू कुमार पंडित, नरेश प्रजापति रूपलाल रविदास, कल्याण समिति के अध्यक्ष अमरेंद्र राम, सचिव विनोद कुमार ,कोषाध्यक्ष राजकुमार राम, संरक्षक नरायन ।राम संयोजक पूरन राम, एवं सैकड़ों महिला एवं पुरुष शामिल रहे कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसे पूरे गांव में घुमाया गया






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सैल्यूट तिरंगा (राष्ट्रवादी संगठन) का मुख्य उदेश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना : सुदेश चंद्रवंशी

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग : आज दिनांक 15 अप्रैल 2022 गुरुकुल इंटर कo लेज हजारीबाग में सैल्यूट तिरंगा (राष्ट्रवादी संगठन) हजारीबाग के तहत मिशन वंदे मातरम का एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता सैल्यूट तिरंगा के अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने किया, संचालन महानगर अध्यक्ष शैलेश कुमार चंद्रवंशी के द्वारा किया गया,जिसमें हजारीबाग के कई गणमान्य लोग और सैल्यूट तिरंगा के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथिरू सैल्यूट ति. रंगा के हजारीबाग संरक्षक और समाजसेवी सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि सैल्यूट तिरंगा का मुख्य उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करना है सैल्यूट तिरंगा का कार्यक्रम आज भारत के विभिन्न राज्यों और शहरों में हो रहा है सभी जगह पर वंदे मातरम का गीत गाया जा रहा है सैल्यूट तिरंगा से भारतवर्ष के कई समाजस. वी विभिन्न पार्टियों के सांसद,विधायक जुड़े हुए हैं। गुरुकुल के निर्देशक जयप्रकाश जैन ने संबोधित करते हुए बताया कि आज के परिवेश में देश सबसे सर्वोपरि है, देश के बाद ही किसी का स्थान है हमें अपने जीवन में देशभक्ति की भावना सर्वप्रथम रखनी चाहिए। बैठक को मुख्य रूप से गुरुकुल के निर्देशक जय प्रकाश जैन, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिन्हा, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक डॉ बीके सिंह, पूर्व विभाग संघचालक गंगाधर दुबे, विश्व हिंदू परिषद के नंदकिशोर प्रसाद, सैल्यूट तिरंगा के जिला उपाध्यक्ष शैलेश जैन, भा. जपा के बटेश्वर प्रसाद मेहता, सैल्यूट तिरंगा के प्रदेश सचिव कुमकुम शर्मा,सैल्यूट तिरंगा के जिला महामंत्री किशोरी प्रसाद आदि लोगों ने संबो. धित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सिंह, जिला मंत्री युवा संतोष कुमार, रमेश हेंब्रम, हितेश रंजन आदि उपस्थित थे। गुरुकुल के सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं अतिथि गण के द्वारा वंदे मातरम का गीत गाया गया।

## गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा बैठक में निंदा प्रस्ताव किया पारित

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**




आज शुक्रवार को गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा की कोर कमेटी की बैठक साहू समाज भवन , हुट्टी बाजार गिरिडीह में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू अधिवक्ता ने किया। ज्ञातव्य हो कि विगत दिनों डोमचांच पुलिस के द्वारा कोडरमा जिला अंतर्गत सिपही निवासी अर्जुन साव की हत्या कर दी गई। बैठक में डोमचांच पुलिस के द्वारा अर्जुन साव की हत्या की घोर निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा डोमचांच पुलिस का यह कृत्य निंदनीय है। बैठक में कोडरमा प्रशासन और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया गया कि इस घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी पुलिसक. र्मियों को निलंबित कर दिया गया तथा उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। बैठक में राज्य सरकार से मांग किया गया कि दोषी पुलिसकर्मियों पर अविलंब कार्रवाई हो और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उमाचरण प्रसाद साहू, वरीय उपाध्यक्ष शुकदेव प्रसाद साहू, जिला महासचिव धर्म प्रकाश ,उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, हर गौरी साहू ,कोषाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ,अरुण साहू, नगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश साहा, नगर सचिव मनीष गुप्ता, सीताराम साहू निरंजन साहू सहित कई लोगों ने भाग लिया।

## अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, संविदात्मक, आउट सोर्स, एलआईसी भारतीय बैंकिंग व अन्य रही मुद्दा

**अपेम लाइवः गिरिडिह**

**रोहित कुमार**





अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी का राष्ट्रीय सम्मेलन 13/4/2022 से 16/ 4/ 2022 तक बिहार राज्य के बेगूसराय में हो रहा है जिसमें अoल इंडिया के महामंत्री एस श्री कुमार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुभाष लामा एवं विभिन्न राज्य से कई प्रतिनिधि ने भाग लिया।इस सम्मेलन में कई प्रस्ताव पास किए गए जिसमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को समाप्त करें, परिभाशित लाभ पेंशन प्रणाली को बहाल करना, संविदा, आउट सोर्स, दैनिक वेतन भोगी रोजगार बंद करो, वैधानिक निकाय के माध्यम से सरकारी विभागों और पी यू एस का निजीकरण बंद कर, ए एन एम पी छोड़ दो, बिजली अधिनियम 2021 को त्यागें और बिजली बोर्ड के निजी करण को रोके, सांप्रदायिक बंद करो, धर्म. निरपेक्षता बचाओ, मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण और सार्वभौमिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, नई शिक्षा नीति का परित्याग करें, संविधान के अनुच्छेद 310 और अनुच. छेद 311 (2) (ए) (बी) (सी) को निरस्त करें, श्रम कानूनों को रद्द करना और संशोधन को वापस लेना, बुनियादी ट्रेड यूनियन अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष को मजबूत करना, एल.आई.सी. के निजीकरण के कदम त्यागें, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के निजीकरण को त्यागे, आयकर की सीमा में वृद्धि करना, डिए बकाया को जब्त करना बंद करें आदि मांगे की गई।

## गर्मी में फायदेमंद होती है पुदीना

**अपेम लाइव :**


**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**



गर्मियों में अकसर लू लग जाना, त्वचा ड्राई हो जाना और खाना न पचने जैसी समस्याएं लोगों को होती हैं. जैसे-जैसे धूप और गर्मी बढ़ती है शरीर का तापमान भी बढ़ने लगते है. इसका असर सीधा त्वचा पर पड़ता है. ऐसे में गर्मियों में अपच की समस्या भी होने लगती है जिसके कारण लोग अपना मील स्किप कर देते है. इतना ही नहीं बल्कि जब आप कड़ी धूप में बहार निकलते हैं तो लू लगने की संभावना और भी बढ़ जाती है. इससे तबियत ख़राब होने का डर रहता है. ऐसे में इन सारी परेशानियों से दूर रहने के लिए लोग तरह-तरह के उपायों का प्रयोग करते है, लेकिन उनका कोई ख़ास असर नहीं दिख पाता है. इन सारी परेशानियों को झटके में दूर कर सकती है एक चीज और वो है पुदीना के पत्ते, जी हां पुदीना के पत्तों में इतने पोषक तत्त्व होते है जो इन सभी परेशानियों को दूर कर देते है. वैसे अधिकतर लोगों को पुदीना पसंद होता है और सभी इसे अपने खाने में डालना पसंद करते है, क्योंकि यह खाने के स्वाद को भी बढ़ाता है साथ ही इसका सुगंध भी बहुत अच्छी होती है. लेकिन कुछ लोगों को पुदीना पसंद नहीं होता है, ऐसा इसलिए भी हो सकता है कि ऐसे लोग पुदीने के फायदों से अनजान हों. दरअसल पुदीना हमारे पेट, स्किन और मुंह के लिए फायदेमंद होता है. सभी को सीजन में पुदीना का सेवन जरूर करना चाहिए. जानते हैं पुदीना किस तरह कारगर साबित होता है और कोन सी परेशानियों को दूर करता है। मुंह की बदबू को करता है दूर- अक्सर आप अoफिस के वक्त प्याज खाने से डरते होंगे क्योंकि प्याज खाने से तुरंत मुंह से बदबू आने लगती है. ऐसे में इस बदबू को दूर कर सकते हैं पुदीने का पत्ते. पुदीना के पत्तों में बहुत तेज सुगंध होती है, जो आपके मुंह फ्रेश और बदबू को दूर कर देता है. ऐसे में या तो आप पुदीने की कुछ पत्तियों को चबाकर खाएं या फिर एक गिलास पानी में पुदीना के पत्ते डालकर कुल्ला कर लें. चेहरे को ठंडक पहुंचाता है- गर्मियों के मौसम में त्वचा बिल्कुल ढ़ीली और अजीब सी हो जाती है, जो अक्सर गर्मियों के तापमान के वजह से होती है. ऐसे में चेहरे को ठंडा रखना बहुत ज्यादा जरुरी होता है ताकि चेहरे में जान बनी रहे और स्किन फ्रेश रहे. इसके लिए आप पुदीने के पत्तों को पीसकर अच्छे तरह से पूरे चेहरे पर लगा लें, इससे त्वचा भी अच्छी रहेगी और चेहरे को ठंडक भी मिलेगी. लू से बचाता है- गर्मियों में कड़ी धूप के कारण अक्सर लोगों को लू लग जाती है जिसका नतीजा होता है कि इंसान बुरी तरह से बीमार पड़ जाता है. ऐसे में लू से बचने के लिए पुदीना के पत्ते बहुत कारगर साबित होते हैं क्योंकि पुदीना के पत्ते में कई ऐसे तत्त्व मौजूद होते हैं, जो शरीर को लू से बचाने में मदद करते है. पुदीना का रस पिएं और लू से बचें. खाना पचाने में मदद करता है- गर्मियों में खाना जल्दी पचता नहीं है जिस कारण कब्ज, पेट दर्द, आदि की समस्याएं सामने आती है. ऐसे में इन सभी परेशानी को दूर करने के लिए पुदीना का सेवन करें क्योकि पुदीना के पत्ते पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद साबित होते है. कुछ पुदीना के पत्तों को पीस लें, उसमें प्याज का रस मिलाएं और १ नींबू का रस मिलाएं. इस तरह से तैयार हो जायेगा आपका ड्रिंक जो आपके खाना को झट्ट से पचा देगा. उलटी को रोकता है- अकसर गर्मी में गैस या बहार के खाने के कारण उलटी होने की समस्या होने लग जाती है. उलटी को रोकने के लिए पुदीना के पत्तों का रस पिएं, इससे तुरंत उलटी रुक जाएंगी. इस तरह से पुदीना उलटी को रोकने में भी फायदेमंद साबित होता है. मुंह की बदबू को करता है दूर- अक्सर आप ऑफिस के वक्त प्याज खाने से डरते होंगे क्योंकि प्याज खाने से तुरंत मुंह से बदबू आने लगती है. ऐसे में इस बदबू को दूर कर सकते हैं पुदीने का पत्ते. पुदीना के पत्तों में बहुत तेज सुगंध होती है, जो आपके मुंह फ्रेश और बदबू को दूर कर देता है. ऐसे में या तो आप पुदीने की कुछ पत्तियों को चबाकर खाएं या फिर एक गिलास पानी में पुदीना के पत्ते डालकर कुल्ला कर लें. चेहरे को ठंडक पहुंचाता है- गमिर्यों के मौसम में त्वचा बिल्कुल ढ़ीली और अजीब सी हो जाती है, जो अक्सर गर्मियों के तापमान के वजह से होती है. ऐसे में चेहरे को ठंडा रखना बहुत ज्यादा जरुरी होता है ताकि चेहरे में जान बनी रहे और स्किन फ्रेश रहे. इसके लिए आप पुदीने के पत्तों को पीसकर अच्छे तरह से पूरे चेहरे पर लगा लें, इससे त्वचा भी अच्छी रहेगी और चेहरे को ठंडक भी मिलेगी. लू से बचाता है- गर्मियों में कड़ी धूप के कारण अक्सर लोगों को लू लग जाती है जिसका नतीजा होता है कि इंसान बुरी तरह से बीमार पड़ जाता है. ऐसे में लू से बचने के लिए पुदीना के पत्ते बहुत कारगर साबित होते हैं क्योंकि पुदीना के पत्ते में कई ऐसे तत्त्व मौजूद होते हैं, जो शरीर को लू से बचाने में मदद करते है. पुदीना का रस पिएं और लू से बचें. खाना पचाने में मदद करता है- गर्मियों में खाना जल्दी पचता नहीं है जिस कारण कब्ज, पेट दर्द, आदि की समस्याएं सामने आती है. ऐसे में इन सभी परेशानी को दूर करने के लिए पुदीना का सेवन करें क्योकि पुदीना के पत्ते पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद साबित होते है. कुछ पुदीना के पत्तों को पीस लें, उसमें प्याज का रस मिलाएं और १ नींबू का रस मिलाएं. इस तरह से तैयार हो जायेगा आपका ड्रिंक जो आपके खाना को झट्ट से पचा देगा.उलटी को रोकता है- अकसर गर्मी में गैस या बहार के खाने के कारण उलटी होने की समस्या होने लग जाती है. उलटी को रोकने के लिए पुदीना के पत्तों का रस पिएं, इससे तुरंत उलटी रुक जाएंगी. इस तरह से पुदीना उलटी को रोकने में भी फायदेमंद साबित होता है. पुदीने से नुकसान हालांकि आमतौर पर पुदीने का सेवन करना सुरक्षित माना जाता है, इसका इस्तेमाल थोड़ी मात्रा में ही करें।इसे किसी भी रोग का इलाज करने के लिए प्रयोग करने से पहले एक डॉक्टर से परामर्श करने की सलाह दी जाती है। जिन लोगों का पित्त पथरी (ळंससेजवदमे) रोग का इतिहास है, उन्हें इस जड़ी बूटी का उपयोग नहीं करना चाहिए।उच्च खुराक में पुदीना लेने से, यह गुर्दे की विफलता (त्मदंस थ्पंस. नतम) का कारण बन सकता है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कमलेश सिंह ने युवाओं से की अपील

**अपेम लाइवः ओरिया**



शुक्रवार को वर्ल्ड केयर फा. उंडेशन अoफ इंडिया के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक में युवाओं की भागीदारी को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। प्रेस विज्ञप्ति जारी के दौरान बताया कि आगामी मई माह में झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक युवाओं की भागिदारी हो जिससे संपूर्ण जिला परिषद क्षेत्र व पंचायत का विकास हो सकें। उन्होंने बताया कि अक्सर देखा जाता है पंचायत में चुनाव के उम्मीदवार चुनाव के वक्त भारी भरकम विकास कार्यो का दिलासा दिलाते और जनता को गुमराह करके चुनाव जीतकर जनता का दोहन करना प्रारंभ कर देते हैं। उन्होंने बताया कि जिसप्रकार युवाओं में बेरोजगारी है अपने अच्छे प्रतिनिधित्व के बदौलत यह एक अच्छा अवसर भी है। अपने सच्चाई व कर्मठता से क्षेत्र के विकास में सहभागी बनकर क्षेत्र का विकास हेतु युवा चुनाव लडें और अपने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करें। उन्होंने बताया कि अगर आप सभी युवा अपने पंचायत का विकास चाहते हैं तो दुसरे के भरोसे असंभव है खुद चुनाव लडें और अपने पंचायत में युवा शक्ति से अपने पंचायत का नाम विकास के क्षेत्र में अव्वल प्रदान करें। यह समय उचित है अपने पंचायत के लिए सोचें और अधिक से अधिक युवा समाजसेवा के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करें। उन्होंने बताया कि 25 वर्ष से 30 वर्ष के युवा अधिक से अधिक इस पंचायत चुनाव में नॉमिनेशन करें और बैगेर जीत-हार की चिंता करते हुए इस पंचायत चुनाव में चुनाव लडें अगर आप सक्षम होंगे तो अवश्य चुनाव जीतेंगे और अपने पंचायत का सर्वांगीण विकास भी करेंगे। विदित हो कि वर्ल्ड केयर फाउंडेशन अoफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सामाजिक सरोकार में युवाओं के रोजगार एवं युवाओं की क्षेत्रिय राजनीतिक में भागीदारी को लेकर जागरूक करते आ रही है और युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति अपने क्षेत्रीय राजनीति में भागीदारी अवश्य लें।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पूर्व विधायक ने जगदीशपुर में प्रवचन व खिलाही में जागरण मंच का किया उदघाटन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने जगदीशपुर में आयोजित भगवती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के प्रवचन संध्या व झापा पंचायत के खिलाही में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के जागरण मंच का उदघाटन किया। वही ईगुनिय में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के द्वितीय वार्षिकोत्सव के भंडारे में सम्मिलित होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रवचन में बताए बातों को जीवन मे उतारे आपका जीवन सफल होगा । कहा भक्ति एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम भगवान तक पहुंच सकते है। सच्ची मन से भगवान की भक्ति करने से भगवान सबकी मुरादे पूरी करते है। कहा जिस प्रकार से जगदीशपुर, खिलाही व ईगुनिय में यज्ञ के प्रति उत्साह है निश्चित रूप से आप सबकी मनो. कामना पूरी होगा। इससे पूर्व यज्ञ समिति ईगुनिय, जगदीशपुर व ख़िलाही में पूर्व विधायक को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। ईगुनिय में स्थानीय मुखिया पप्पू रजक, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सुनील चनद्रवंशी, सुबोध सिंह, सुमंत सिंह, सहित अन्य। जगदीशपुर में समिति अध्यक्ष ब्याश यादव, सचिव रामाधीन तुरी, कोषाध्यक्ष विजय यादव, बैजनाथ ठाकुर, अशोक प्रजापति, डॉ बीके यादव, सिकेन्द्र चनद्रवंशी सहित अन्य। खिलाही में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, स्थानीय मुखिया पूर्णिमा देवी, राकेश रंजन, सुरेंद्र पांडेय, राकेश पांडेय, सहित अन्य।

## विधायक ने भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत ग्राम सोनबरसा गांव में अंबेडकर युवा क्लब के द्वारा अंबेडकर चौक सोनवरसा में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीम. राव अंबेडकर का आदम कद प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर राम एवं संचालन दिनेश कुमार रवि एंव संजय राम के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया । मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा गुरुवार रात 9 बजे बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। विधायक ने अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके विचारों को आत्मसात करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है तभी देश का संपूर्ण विकास संभव है। इनके द्वारा बनाए गए संविधान पूरे विश्व में सबसे बड़ीसंविधान है जिस पर हम भारतीयों को गर्व है । अनावरण पूर्व ग्रामीणों के द्वारा कलश यात्रा निक. ाली गई जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय कुमार महतो ,रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम, महासचिव कृष्णा राम, पूजा समिति के संयोजक अनुज कुमार ,अध्यक्ष कुलेश्वर राम , सचिव नेम धारी राम , मंच संचालन दिनेश कुमार रवि ,संजय कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि रामपति राम, इंद्रदेव प्रियदर्शी, कौलेश्वर साव, कैलाश साव, पदूम साव, राजा करमाली, कोषाध्यक्ष अनिल राम ,उपाध्यक्ष आलोक कुमार ,अभय कुमार, राजू कुमार दास, उप सचिव विजेंद्र कुमार दास, मुरली राम ,बालेश्वर राम, संरक्षक निर्मल राम , अंतू राम, करण राम ,मनोरंजन मंत्री सदन कुमार, बबलू कुमार ,मनीष कुमार , रवि परमेश्वर कुमार ,राजेंद्र कुमार ,मिडिया प्रभारी मनोज कुमार रवि ,अमन कुमार ,राजेश कुमार, रिंकू कुमार, पूजा प्रवक्ता लखन राम ,राम लाल राम, मोहन कुमार, मोहन कुमार, जिरोध राम ,, देवराज राम ,निवास राम , दर्शन कुमार, विनोद राम ,अक्षय कुमार, अजय कुमार, रामस्वरूप कुमार ,धनेश्वर कुमार, प्रवीण कुमार, प्रमोद राम , विकास कुमार ,बबलू राम, सुभाष कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे ।

## अदाणी कौशल विकास केंद्र के द्वारा युवाओं को दी जा रही है तकनीकी शिक्षा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



**मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उपस्थित लोग**

बड़कागांव : गोन्दलपुरा कोल परियोजना के तहत आनेवाले गांवों के बेरोजगार युवकों के हाथों को हुनरमंद बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन ने कदम बढ़ाया है। मौजूदा समय में विभिन्न सेक्टर में रोजगार की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए प्रथम चरण में परियोजना के तहत आने वाले गावों से आठ युवकों का चयन कर उन्हें माइन मेकेनिस्ट की ट्रेनिंग के लिए छत्तीसगढ़ के परसा स्थित अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेन्टर भेजा गया है, जहां उन्हें दो महीने का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसके अलावा इन्हें इलेक्ट्रीशियन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये सभी युवा दसवीं कक्षा पास हैं, जिनकी उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच है।आर्थिक रूप से कमजोर इन विद्यार्थियों को विभिन्न सा. इटों में बिजली और माइ. निंग के काम करने के दौरान जरुरी सुरक्षा के उपायों और प्रबंधन, बिजली के उपकरणों का चयन और सुरक्षित उपयोग, घरों में बिजली की वायरिंग के अलावा पर्सनालिटी डेवलपमेंट का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी युवाओं को सफल प्रशिक्षण के बाद एक परीक्षा पास करनी होगी, जिसके बाद इन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण के बाद ये रोजगार के लिए विभिन्न जगहों पर आवेदन करने के भी पात्र हो जायेंगे और स्वरोजगार भी कर सकेंगे। आने वाले दिनों में गोन्द. लपुरा खनन परियोजना के अंतर्गत आने वाले गावों के और युवाओं को प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने की योजना है। इनसे सिर्फ इन्हें ही नहीं, बल्कि इनके पूरे परिवार को लाभ मिलेगा। अदाणी कौशल विकास केंद्र में रवानगी से पहले इन आठों युवाओं की काउंसिलिंग की गयी। इन्हें पूरी ट्रेनिंग प्रक्रिया और कोर्स के बारे में बताया गया, जिसके बाद आवश्यक बेसिक किट प्रदान करते हुए इन्हें रवाना किया गया। इस बेसिक किट में बैग, टी-शर्ट, कपड़े, साबुन आदि शामिल थे। अदाणी कौशल विकास केंद्र छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के साल्हि गांव में स्थित है, जहाँ इन्हें कौशल विकास की भी ट्रेनिंग दी जा रही है। इन युवाओं के साथ छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और उड़ीसा के भी नौजवान युवक निःशुल्क तकनीकी शिक्षा पा रहे हैं। इनके हॉ. स्टल में रहने और खाने की भी व्यवस्था निःशुल्क है। यहां युवाओं की आवश्यकता व कौशल के अनुसार कुल 35 पा. व्यक्रमों, जिसमें प्रमुख रुप से सहायक इलेक्ट्रीशियन, माइनिंग मैकेनिक, सिलाई मशीन अ०परेटर, एफ एंड बी सर्विस स्टीवर्ड और फिटर मशीनिस्ट में 28 से 60 दिनों की अवधि तक प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां उत्तम श्रेणी के क्लास रूम, आईटी लैब और ला. इब्रेरी है। प्रयोगशालाओं को उच्च प्रशिक्षण उपकरणों और सौर संयंत्र से भी सुसज्जित रखा गया है। इसके साथ ही शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए परिसर के भीतर हीं अपने पसंद के मुताबिक खेलने की भी व्यवस्था है।

## हजारीबाग जिला कृषक मित्र महासंघ ने विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर दिया धरना

### विधायक अंबा प्रसाद के आश्वासन के बाद धरना उठा लिया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



**धरना प्रदर्शन में शामिल लोग**

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के हजारीबाग हुरुहुरु आवास पर जिला कृषक महासंघ ने मानदेय को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया । जिसकी अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष दिलेश्वर महतो एवं संच. ालन चतरा जिला अध्यक्ष सत्यानंद दुबे ने किया । संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दिलेश्वर महतो ने कहा हम सभी किसान मित्र लगभग 12 वर्ष से कृषि कार्य क्षेत्र में किसानों के सहयोग के रूप में कार्य कर रहे हैं। परंतु हम लोग कृषक मित्रों को अब तक 1 रुपया भी मानदेय नहीं मिला है। जबकि कृषि के हर क्षेत्र में कृषक मित्रों का अहम योगदान रहता है । इनकी इतनी कड़ी मेहनत के बाद मात्र प्रोत्साहन राशि के रूप में वर्ष में एक बार मात्र 6000 ही मिलता है जो बहुत ही चिंतनीय है ।सरकार से सम्मान. जनक मानदेय की मांग करते हैं ताकि अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें । मांग को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने कृषक मित्रों को फोन पर वार्ता कर आश्वास्त किया कि आप लोगों की मानदेय की मांग को लेकर मंत्री से कैबिनेट में जल्द पारित करवाएंगे। विधायक अंबा प्रसाद के आश्वासन के पश्चात आंदोलनकारियों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को उठा लिया गया। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग जिला से धनेश्वर महतो, मीणा , विनोद कुमार जायव ,जय प्रकाश रजक, पंकज सिंह, बिष्णुगढ़ से प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ महतो, रीता देवी ,धर्मवीर यादव ,भैरो यादव ,दयाल महतो, कमलाकांत ,प्रयाग मेहता, सुरेश प्रसाद ,चतरा जिला से सत्यानंद दुबे, कृष्ण कुमार गुप्ता ,बसंत राणा, परसादी पासवान ,राज. कुमार दांगी, शंकर मिश्रा ,बालेश्वर यादव ,दशरथ यादव , इमरान अंसारी, पुष्पा देवी, सरिता देवी ,रामगढ़ जिला से बैजनाथ महतो, राजनाथ बेदीया ,रो. हित महतो, रामेश्वर महतो, विनोद मुंडा ,विश्वनाथ मुंडा आदि सैकड़ों कृषक मित्र शामिल थे।

## रामनवमी जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न होने पर झारखंड सोशल यूनियन ने दी बधाई

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



प्रखंड में प्रशासन और ग्रामीणों के सराहनीय सहयोग से रामनवमी का जुलूस शांति और सौहार्द से संपन्न हुआ। झारखंड सोशल यूनियन ने बड़कागांव के सभी 11 अखाड़ों को शांतिपूर्वक जुलूस संपन्न कराने को लेकर धन्यवाद दी है। झारखंड सोशल यूनियन के सभी सदस्यों ने जुलूस को संपन्न कराने में काफी सहयोग किया। जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, उपाध्यक्ष गजानंद कुमार, सचिव सचिन कटारिया, कोषाध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, मनजीत सोनी, गौतम कुशवाहा, गौतम वर्मा, मोहम्मद हसीब, आशीष अंबाष्टा, पिंकू सोनी, रवि सोनी, राज किशोर सोनी, कुणाल चौरसिया, अभिषेक कुमार, विक्रम विश्वकर्मा सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## ज्ञान वाटिका क्लासेस के वर्ग 10वीं के छात्र छात्राओं को दी गई विदाई

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना में संचालित ज्ञान वाटिका क्लासेस रसोईया धमना में वर्ग 10वीं के सभी छात्र एवं छात्राओं को विदाई दिया गया। संस्थान के संचालक परमेश्वर प्रजापति ने सभी छात्र छात्राओं को कलम देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ उन्होंने बच्चों से कहा कि उज्जवल भविष्य बनाने के लिये मन लगा के शिक्षा ग्रहण करना ही एक माध्यम है। मौके पर मो कैफ अंसारी, साजिद अंसारी, दानिश, वाहिद, अरमान, ज्ञाश, महफूज, सोनम प्रवीण, रुखसार, सालिहां, नसरीन, आशिया, आशमा, अनिशा, नेहा, सानिया एवं याशमीन मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरमसिया के रविदास टोला में मनाया गया बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**मुमताज अंसारी**



बरमसिया पंचायत के बरमसिया के रविदास टोला में गुरुवार भावी मुखिया उमीदवार विष्णुदेव प्रसाद वर्मा के नेतृत्व मैं मनाया गया। बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम की शुरुआत बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित वा दिप प्रचलित कर किया गया। वही भावी मुखिया उमीदवार विष्णुदेव प्रसाद वर्मा ने कहा समाज में फैले असमानता को दूर करना बाबा साहब का उद्देश्य रहा कहां की जयंती में सिर्फ उन्हें आद ना करें। बल्कि उनके विचारों का अनुपालन करें बाबा साहब का आदेश था। कि समाज में राजनीति आर्थिक असमानता को समाज से दूर करना है। लेकिन देश आजाद होने की 75 साल के बाद असमानता ही देखा जा रहा है । कहां की बाबा साहब अंबेडकर नाम से लोकप्रिय भारतीय बहुज्ञ विधिवेत्ता अर्थशास्त्री राजनी. तिज्ञ ओर समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और सामाजिक भेदभाव के विरोध अभियान चलाया था। श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। ऐसे महापुरुषों के बताए गए मार्ग पर हम सबों को चलने की आवश्यकता है। मौके पर विजय राय महेंद्र वर्मा सुरेश वर्मा मुखलाल वर्मा घनश्याम शर्मा किशन रविदास प्रसादी माहतो महेंद्र वर्मा अरुण वर्मा ब०बी डी माहतो विकास शर्मा महेंद्र दास सोनू दास सुधीर राय लालू राय जागो दास पूरण दास सुधाकर वर्मा दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## श्रीनिवास ब्लड बैंक ने रक्तदान के बाद रक्तदाता की देखभाल में फैलाया जागरूकता

### रक्तदान के 24 घंटे तक शराब या अन्य नसीले पदार्थ का सेवन न करे – आशुतोष झा

**अपेम लाइवः ओरिया**



आशुतोष झा



विनीत कुमार मिश्रा

शुक्रवार को श्रीनिवास ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान के बाद रक्तदाता के देखभाल में जागरूकता फैलाया गया। इस दौरान श्रीनिवास ब्लड बैंक इंचार्ज आशुतोष झा ने बताया कि रक्तदान के दौरान खोई रक्त की मात्रा को फिर से भरने के लिए खूब सारे तरल पदार्थ पिएं। वेनपंक्चर साइट पर चोट लगने और चक्कर आने से बचने के लिए डोनेशन आर्म के साथ भारी वजन उठाने या दान के बाद ज़ोरदार शारीरिक गति. विधियों या खेलों में भाग लेने से बचें। रक्तदान के कम से कम 24 घंटे तक शराब या अन्य नशीला पदार्थ का सेवन न करे। उन्होंने बताया कि यदि चक्कर, अस्वस्थता या ठंडा पसीना आता है। तो एक जगह पर बैठ जाएं या तुरंत लेट जाएं। अधिकतम अपने पैरों को ऊपर उठाकर रखे। जब तक आप स्वस्थ महसूस न करे। इस मौके पर इंचार्ज विनीत कुमार मिश्रा ने बताया कि रक्तदान के बाद ढीला वस्त्र को पहने और सुचारू रूप से सांस लेते रहें। रक्तदान के बाद शांत रहें, धीमी और लंबी गहरी सांसें लें। किसी भी राहगीर या अपने आस-पास के लोगों से सहायता लें। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है या किसी कारण से कुछ ठीक नहीं लगता है। तो ब्लड सेंटर को कॉल करें। अगर दर्द या बेचौनी महसूस होती है, तो उस जगह पर कोल्ड कंप्रेस लगाने से मदद मिल सकती है। यदि वेनपंक्चर साइट सूजी हुई, नीली हो जाती है या आप दान करने वाले हाथ में दर्द या सुन्नता का अनुभव करते हैं। तो कृपया सलाह के लिए ब्लड सेंटर को कॉल करें या डॉक्टर से परामर्श करें।

## किसान आन्दोलन जारी कोई सुध लेने वाला नही आंदोलनरत किसानों का

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



किसान मंच के आंदोलन को बार बार हटाने की बात क्यों करते है प्रतिनिधि और अफसर-भाकपा माले नेता क०मरेड राजेश सिन्हा गिरिडीह मुख्यालय पर स्थित अम्बेडकर चौक पर किसान मंच का लगातार आंदोलन चल रहा है,आम जनता,अफसर, प्रशासन सब देख रहे है,24 घंटे गरीब किसान पूरे जिले से बारी बारी से आंदोलन में साथ दे रहे है,ज्ञात हो कि पूर्व के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से कई दल बारी बारी से मिले कोई काम नहीं हुआ फिर अंत मे माले के विधानसभा प्रभारी क०मरेड राजेश सिन्हा के नेतृत्व में तत्क. ालीन उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से किसान मंच के अध्यक्ष अवधेश सिंह और सरंक्षक अजित सिन्हा के साथ घंटो बैठक हुई और 700 आवेदन को रजिस्टर्ड 2 के लिए दिया गया था उसमें 300 आवेदन का निष्पादन तत्कालीन उपायुक्त ने बिना देर किए कर दिया। किन्तु जैसे उनका ट्रांसफर हुआ, भु माफिया,जन प्रतिनिधि और लेखागार के घूसखोर एजेंट ने किसानों के साथ फिर से धोखा का साजिस रच डाला।आज तक स्थिति बनी है कि किसान परेशान है,किसानों के आंदोलन को बार बार हटाने के लिए साजिस चल रही है।किसान की मांग जायज है, माले लगातार किसानों के साथ है आगे भी लगातार रहेगा,बगोदर विधायक विनोद सिंह ने भी बगोदर अंचल अधिकारी के कार्यशैली पर प्रश्न उठाया है और इन्ही विषयो का जिक्र भी किया था,बगोदर विधायक के नाम किसान मंच ने दो बार ज्ञापन माले नेता राजेश सिन्हा को दिया था,इसलिए लगातार राजेश सिन्हा व माले के ही अन्य नेता साथ मे जिला कमिटी सदस्य प्रीति भाष्कर,माले नेता उज्ज्वल साव आदि धरने पर बैठा करते है लगातार,किसान मंच के आंदोलन में जल्द बगोदर विधायक गिरिडीह आकर किसानों की समस्या पर बात करेंगे,चुकि गिरिडीह विधानसभा में दो एम पी और 6 विधायक है किंतु ज्यादातर प्रतिनिधि इनके दर्द को समझ नहीं रहे है,सिर्फ सोसल मीडया पर समर्थन देते है जबकि धरातल पर कोई काम नहीं करते है। भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा है कि धरना स्थल से अब लेखागार जा कर ही आंदोनल माले करने को बाध्य होगा।।

